JHARKHAND SMALL INDUSTRIES ASSOCIATION
(Registered Under Societies Act 21, Regn. No. 431)
ESTD 1959

NABET

पत्रांक सं जेएसआइए/ए–1/2025–26/123

दिनांक: 30.08.2025

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक: 30 अगस्त, 2025 दिन शनिवार को झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जेसिया) की 63वॉं वार्षिक आमसभा आयोजित की गई है। श्री अंजय पचेरीवाला, अध्यक्ष ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया। कार्यकारिणी द्वारा किये गये कार्यो की विवरणी मानद सचिव श्री शिवम सिंह ने प्रस्तुत किया। पिछले वर्ष का अंकेक्षण आय–व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष श्री आर्दश रामसिसरिया ने सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे सर्व–सम्मति से पारित किया गया। इस आमसभा में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्व–सम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी में निम्नलिखित सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया गया।

| Sl.No. | Name of Members | Designation |
|---|---|---|
| 01. | Sri Randhir Kr. Sharma | President |
| 02. | Sri Jaideep Modi | Vice President |
| 03. | Sri Ajay Kr. Dadheech | Vice President |
| 04. | Sri Shivam Singh | Hony. Secretary |
| 05. | Sri Vivek Tibrewal | Jt. Hony. Secretary |
| 06. | Sri Adarsh Ramsisaria | Hony. Treasurer |
| 07. | Sri Arun Sharma | E.C. Member |
| 08. | Sri Bijay Choudhary | E.C. Member |
| 09. | Sri Kamal Kr. Agarwal | E.C. Member |
| 10. | Sri Keshav Chhawchharia | E.C. Member |
| 11. | Sri Madhusudan Agarwal | E.C. Member |
| 12. | Sri Milan Poddar | E.C. Member |
| 13. | Sri Nikhil Kedia | E.C. Member |
| 14. | Sri Nishant Prakash | E.C. Member |
| 15. | Sri Ravi Tibrewal | E.C. Member |
| 16. | Sri Sunil Kr. Agarwal | E.C. Member |
| 17. | Sri Sachin Kejriwal | E.C. Member |

**Contd.P/2.**

| | | |
|---|---|---|
| 18. | Sri Sandeep Jajodia | E.C. Member |
| 19. | Sri Sourav Modi | E.C. Member |
| 20. | Sri Siddharth Jaiswal | E.C. Member |
| 21. | Sri Vivek Bagla | E.C. Member |

पदभार स्वीकृति अध्यक्षीय भाषण में श्री रणधीर शर्मा जी ने कहा कि झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उद्देश्य एवं लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संस्था की गरिमा एवं ख्याति, जो हमारे पूर्व अध्यक्षों ने कमाई है, उसे और उचाँई पर ले जाने का प्रयास होगा।

युवा पीढ़ी जिनके मन में किसी भी उद्यम को लगाने की सोच है वैसे युवाओं को हमारी संस्था सदैव ही प्रेरित एवं उत्साहित करने को तत्पर रहती है। इस वर्ष हमारे परिसर के द्वितीय तल पर JSIA RCF कौशल विकास केन्द्र आरम्भ हो गया है जिसके माध्यम से प्रशिक्षित प्राप्त युवाओं को भी उद्योगों में समायोजित करना एवं उद्यम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

उद्योग के विकास हेतु उद्योग सम्मत नियम एवं कानुनों के अनुपालन हेतु संबंधित सरकारी अधिकारियों से बात–चीत एवं सामंजस्य के माध्यम से प्राप्त करने का प्रयास जारी रहेगा। इस वर्ष JSIA राज्य के विभिन्न शहरों में जाकर औद्योगिक संगठन से संवाद कर उद्यमियों की परेशानियों के समाधान हेतु संयुक्त प्रयास करेगी।

अध्यक्ष श्री रणधीर शर्मा ने चुनाव पदाधिकारी श्री अरूण कुमार खेमका एवं श्री फिलीप मैथ्यु जी को विशेष धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस राज्य स्तरीय जीवंत औद्योगिक एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का चुनाव अपनी पूरी समझ एवं अनुभव के आधार पर सम्पन्न किया।

वार्षिक आमसभा में रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गिरीडीह, जमशेदपूर एवं अन्य जगहों से भी आये उद्यमियो ने हिस्सा लिया तथा पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करने को आश्वासन दिया।

धन्यवाद ज्ञापन सचिव, श्री शिवम सिंह ने दिया।

भ व दी य

( शिवम सिंह )
मानद सचिव